**महत्वपूर्ण / समयबद्ध**

**संख्या।12 /आठ–1–2024 /97 बैठक 2017 टी.सी.**

**प्रेषक,**

**गिरीश चन्द्र मिश्र,**
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

**सेवा में,**

1. **आवास आयुक्त,**
उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद,
लखनऊ।

2. **उपाध्यक्ष,**
समस्त विकास प्राधिकरण,
उ0प्र0।

3. **अध्यक्ष / जिलाधिकारी,**
समस्त विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण,
उ0प्र0।

4. **विहित प्राधिकारी,**
समस्त विनियमित क्षेत्र,
उ0प्र0।

**आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–1** **लखनऊः दिनांकः 13 फरवरी, 2024**

**विषयः उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट–2023 के सफल आयोजन के उपरान्त 'ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी @ 4.0' के आयोजन के अवसर पर मण्डल मुख्यालय एवं जनपद स्तर पर कराये जाने वाले निवेश आकर्षण हेतु कार्यक्रमों के व्यापक प्रचार–प्रसार के संबंध में।**

**महोदय,**

कृपया उपर्युक्त विषयक अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, औद्योगिक विकास अनुभाग–6, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या–286 / 77–6–2024–222 / 2022 दिनांक 08.02.2024 की प्रति संलग्न कर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया संलग्न पत्र में उल्लिखित बिन्दुओं पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कर कृत कार्यवाही की सूचना निदेशक, आवास बन्धु को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

उक्त कार्यक्रम का व्यापक प्रचार–प्रसार भी सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

**संलग्नक : यथोक्त।**

भवदीय,

(गिरीश चन्द्र मिश्र)
संयुक्त सचिव।

**संख्या–112(1)/आठ–1–2024 /97 बैठक 2017 टी.सी. तद्दिनांक।**

प्रतिलिपि निदेशक, आवास बन्धु को इस आशय से प्रेषित कि कृपया समस्त संबंधितों से सूचना प्राप्त कर समेकित सूचना शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

आज्ञा से,

(अरूण कुमार)
अनु सचिव

E:/Ritesh/GO/2024

ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी / मा. प्रधानमंत्री जी का दूरभाष

132/आ०वि०-6-24

दि. 19.02.24

संख्या-286/77-6-2024-222/2022

प्रेषक,

मनोज़ कुमार सिंह,
अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त,
उत्तर प्रदेश शासन।

891/08/ACS H/24

सेवा में,

सचिव

1. समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
2. समस्त विभागाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश।
3. समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
4. समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।

(नितिन रमेश गोकर्ण)
अपर मुख्य सचिव
आवास एवं शहरी नियोजन विभाग
उत्तर प्रदेश शासन।

औद्योगिक विकास अनुभाग-6 — लखनऊ : दिनांक 08 फरवरी, 2024

769/PS/S/H/24

विषयः-उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 के सफल आयोजन के उपरान्त 'ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी @ 4.0' के आयोजन के अवसर पर मण्डल मुख्यालय एवं जनपद स्तर पर कराये जाने वाले निवेश आकर्षण हेतु कार्यक्रमों के व्यापक प्रचार-प्रसार के सम्बन्ध में।

महोदय,

10.2.2024
(रामधीरी ...)
निजी सचिव,
सचिव
आवास एवं शहरी नियोजन विभाग
उत्तर प्रदेश शासन

कृपया आप अवगत है कि गत् वर्ष माह-फरवरी, 2023 में राज्य सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 का सफल आयोजन किया गया था। जिसमें 27000 से अधिक निवेश प्रस्ताव/एम0ओ0यू0 प्राप्त हुए, जिसमें 38.78 लाख करोड़ से अधिक का निवेश तथा 1.12 करोड़ रोजगार निहित हैं। इन प्रस्तावों/एम0ओ0यूज को धरातल पर लाने की कार्यवाही विभागों द्वारा की जा रही है।

2- इसी क्रम में दिनांक 19.02.2024 को ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी @ 4.0 का लखनऊ में मा0 प्रधानमंत्री जी के कर-कमलों से प्रस्तावित है। उक्त कार्यक्रम में 14000 से अधिक एम0ओ0यू0 जिसमें रू. 10.00 लाख करोड़ का निवेश शामिल है तथा 33.50 लाख रोजगार निहित है, उन्हें शामिल किया गया है।

3- शासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि दिनांक 19.02.2024 को प्रत्येक जनपद मुख्यालय पर ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन किया जाए। उक्त कार्यक्रम में जनपद के मा0 मंत्री, मा0 सांसदगण तथा मा0 विधायकगण एवं अन्य जन-प्रतिनिधियों को तथा

65/501

10/2/24
(प्रकाश चन्द्र मिश्र)
संयुक्त सचिव
आवास एवं शहरी नियोजन विभाग
उत्तर प्रदेश शासन ।

श्री रितेश
19-02-24

जनता को आमंत्रित किया जाए। उक्त कार्यक्रम में प्राप्त एम0ओ0यूज में जनपद के लिए जो रू. 10.00 करोड़ के निवेश लागत से कम के प्रस्ताव हैं तथा ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए तैयार हैं, उन्हें शामिल किया जाए।

4- इस कार्यक्रम को इस तरह आयोजित किया जाए कि लखनऊ में हो रहे आयोजन का सीधा प्रसारण भी देखा जा सके। लखनऊ स्थित कार्यक्रम के समय तथा लिंक के सम्बन्ध में सूचना पृथक से दी जाएगी।

5- उपर्युक्त के दृष्टिगत प्रदेश सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि जनपद स्तर पर निवेशकों एवं उद्यमियों का ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी @ 4.0 के आयोजन में सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु निम्नवत् कार्यवाही सुनिश्चित करायी जाएः-

1. समस्त जनपदों पर 19 फरवरी, 2024 को जनपद स्तरीय निवेश कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। इस कार्यक्रम में जनपद के समस्त मा0 सांसदगण एवं मा0 विधायकगण, प्रतिष्ठित उद्यमियों/ निवेशकों/उद्योगपतियों/ औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा निवेश से सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को आमंत्रित कर उनकी सहभागिता सुनिश्चित की जाए।
2. ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी @ 4.0 के उद्घाटन एवं समापन समारोह के सजीव प्रसारण की व्यवस्था सूचना विभाग द्वारा सुनिश्चित की जायेगी तथा जनपद स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में इस प्रसारण के प्रदर्शन की व्यवस्था करा ली जाए।
3. मण्डलायुक्त मण्डल स्तरीय जनपद के कार्यक्रम में भाग लेंगे।
4. उक्त कार्यक्रमों के आयोजन के लिए मण्डल मुख्यालय वाले जनपदों को रू. 2.00 लाख (रूपये दो लाख मात्र) एवं शेष जनपदों को रू. 1.50 लाख (रूपये एक लाख पचास हजार मात्र) जिला ई-गवर्नेन्स सोसाइटी के माध्यम से इन्वेस्ट यूपी द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा।

कृपया प्रकरण में उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुए उक्त कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

Manoj 8.2.24

(मनोज कुमार सिंह)

अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त।

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. निजी सचिव, मा0 मंत्रिगण, मा0 राज्य मंत्रिगण (स्वतंत्र प्रभार) एवं मा0 राज्य मंत्रिगण, उत्तर प्रदेश।
2. निजी सचिव, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
3. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश शासन।
4. मुख्य कार्यपालक अधिकारी/अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, इन्वेस्ट यूपी।
5. प्रबंध निदेशक, पिकप।
6. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(मनोज कुमार मौर्य)

संयुक्त सचिव।